प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 14.06.2024 समय: 2.10 PM

पीएम योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर त्रिकोणासन का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में स्वास्थ्य लाभ के लिए इस आसन को सिखाने की जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री ने कंधों, पीठ और एकाग्रता में सुधार के लिए त्रिकोणासन के अभ्यास करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कल ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ शहर के ऐतिहासिक सागरताल के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक श्रमदान करेंगे । वे नवनिर्मित शंकरपुर क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने जा रही मध्यप्रदेश लीग-सिंधिया कप-एमपीएल 2024 के उदघाटन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आज मुलताई के दौरे पर हैं.

हज यात्रा

पांच दिवसीय हज यात्रा आज से शुरू हो गई है। जिसमें दुनिया भर से लगभग 20 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। तीर्थयात्रियों ने मीना में इकट्ठा होने के लिए पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू की। हर वर्ष होने वाली हज यात्रा में भारत से एक लाख 75 हजार से अधिक तीर्थयात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार बीस यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए वहां पहुंच चुके हैं। इस साल सबसे ज्यादा पांच हजार भारतीय महिला तीर्थयात्री मेहरम या बिना किसी पुरुष अभिभावक के हज करेंगी।

बैतूल -जल गंगा संवर्धन अभियान

बैतूल जिले में 16 लाख से अधिक पौधा रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के नदी, तालाब, और जल स्त्रोतों के किनारे पौधा रोपण किया जाएगा। लक्ष्य के अनुरूप 14 लाख 50 हजार पौधे वन विभाग, 1 लाक 30 हजार पौधे पंचायत और नगरीय प्रशासन 20 हजार पौधे रोपण करेगा। पौधों का चयन जिले की जलवायु के अनुकूल किया गया है। इससे फलदार पौधे आम, अमरूद, सीताफल, आंवला, नीम, करंज, अनार, गुल्लर, गुलमोहर आदि शामिल किए गए है। कलेक्टर नरेंद्रकुमार सूर्यवंशी ने आम लोगों से अपील की है कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य सेफ ब्लड और ब्लड प्रोडक्ट्स की आवश्यकता के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बधाई देते हुए रक्तदान को महादान बताया है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि रक्तदान करना सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन के साथ ही अनमोल जिंदगियों को बचाने का पुण्य कार्य है।

दतिया हादसा

दतिया जिले में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पुल पर अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। इस हादसे में मौके पर ही पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 35 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मृतकों में महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। यह हादसा दूसरडा थाना क्षेत्र के गांव जोरा मैथाना पाली के पास हुआ। बताया जाता है कि ट्रैक्टर की अचानक स्टेरिंग फेल हो जाने से यह हादसा हुआ । सभी ग्रामीण रातनगढ़ मंदिर में जवारे चढ़ाने के लिए जा रहे थे।

टी-20 विश्व कप क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्रिकेट आज फ्लोरिडा में ग्रुप ए में अमरीका का मुकाबला आयरलैंड से होगा। जीत के साथ दोनों टीम सुपर 8 में स्थान सुरक्षित कर

लेगी लेकिन इसके बाद पाकिस्तान की अगले दौर में आगे बढ़ने की उम्मीदें कम हो जाएंगी। ग्रुप ए में भारत के बाद अमरीका दूसरे स्थान पर है जबकि पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- नर्मदापुरम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सेठानी घाट पर होगा।
- रायसेन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन किले पर स्थित बावडियों की सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने साफ सफाई करते हुए नागरिकों को जल का महत्व बताया.
- शिवपुरी जिले में मानसून के मद्देनजर बाढ़ और आपदा नियंत्रण के संबंध में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।
- ग्वालियर में आयोजित 52 वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन के खिताब पर इंदौर की टीम ने कब्जा जमाया। भोपाल की टीम रनरअप रही।